आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शुक्रवार 25.07.2025

मुख्य समाचारः—

1— कबीरधाम जिले की ग्राम पंचायत जिंदा को प्रदेश का पहला टीबी मुक्त ग्राम घोषित किया गया।

2— प्रदेश सरकार ने "सीएम आईटी फेलोशिप कार्यक्रम" की शुरुआत की है।

3— सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सक्रिय चार माओवादियों को सुरक्षा बलों ने आज गिरफ्तार किया है।

4— रायपुर सहित राज्य के विभिन्न जिलों में तेज बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

टीबी मुक्त ग्राम

कबीरधाम जिले की ग्राम पंचायत जिंदा को प्रदेश का पहला टीबी मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने आज ग्राम जिंदा पहुंचकर ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को छत्तीसगढ़ में गंभीरता से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि टीबी जिसे पहले एक गंभीर बीमारी माना जाता था, अब आधुनिक चिकित्सा, दवाईयों और जनसहभागिता के चलते नियंत्रण और समाप्ति की दिशा में है।

अमित शाह—सहकारिता नीति

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति—दो हजार पच्चीस जारी की। श्री शाह ने कहा कि यह नीति विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक लक्ष्य रखा है कि 2027 में हम विश्व के तीसरे नंबर के अर्थतंत्र बनकर उभर आएंगे और मुझे विश्वास है हम चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं, तीसरे नंबर पर जरूर पहुंच जाएंगे। परंतु इसके साथ—साथ सबका सामूहिकता के साथ विकास हो और सबके विकास के माध्यम से देश का विकास हो, ऐसा मॉडल बनाना यह भारतीय जनता पार्टी का मूल विचार है, भारत का मूल विचार है।

"सीएम आईटी फेलोशिप कार्यक्रम"

प्रदेश सरकार ने "सीएम आईटी फेलोशिप कार्यक्रम" की शुरुआत की है। इस योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को नवा रायपुर स्थित ट्रिपल—आईटी संस्थान में आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस और डेटा साईंस जैसे कोर्स में एम.टेक करने का अवसर मिलेगा। योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों की पूरी ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। साथ ही उन्हें हर महीने पचास हजार रूपए की फेलोशिप भी प्रदान की जाएगी। पाठ्यक्रम के दौरान युवा विद्यार्थियों को एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिटिक्स, हेल्थटेक, एजुटेक, राजस्व प्रणाली और ई—गवर्नेंस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सरकारी प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा। इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर युवाओं से आग्रह किया है कि वे ट्रिपल आईटी एनआर डॉट एसी डॉट इन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री–स्वच्छता दीदी सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश को स्वच्छ और स्थस्थ बनाने में स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में जशपुरनगर ने बीस से पचास हजार की जनसंख्या वर्ग में पूरे देश में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एम्बुलेंस में बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम सहित अन्य उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## बातों–बातों में

स्वच्छता सर्वेक्षण में इस वर्ष छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। समसामयिक विषयों पर आधारित हमारा कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट प्रदार्शन पर केन्द्रित रहेगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल छब्बीस जुलाई को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## मुख्यमंत्री–एनसीसी एयर स्क्वाड्रन

जशपुर जिले के पीएमश्री विद्यालय में अब जल्द ही एनसीसी और एयर स्क्वाड्रन की शुरूआत की जाएगी। यह एनसीसी की एयर स्क्वाड्रन प्रदेश की तीसरी एयर स्क्वाड्रन होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विद्यालय में एयर एनसीसी के लिए चयनित पच्चीस मेधावी विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स का बैच लगाकर पंजीयन की शुरुआत की। इस एयर स्क्वाड्रन के जरिए जिले के युवाओं को अब एनसीसी में अपना कैरियर बनाने में मदद मिल सकेगी।

## माओवादी–गिरफ्तार

सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सक्रिय चार माओवादियों को सुरक्षा बलों ने आज गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ और पुलिस बल की संयुक्त टीम ग्राम बोडनगुड़ा और बेदरे की ओर रवाना हुई थी। इसी दौरान घेराबंदी कर इन माओवादियों को पकड़ा गया। आरोप है कि ये माओवादी पिछले महीने बेदरे कैम्प में तैनात सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी लगाने की घटना में शामिल थे। इन माओवादियों के पास से एक टिफिन बम भी बरामद किया गया है। इनके खिलाफ जगरगुंडा थाने में कई मामले दर्ज हैं। इन सभी को दंतेवाड़ा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से इन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## बारिश

प्रदेश की राजधानी रायपुर सहित मध्य छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण अनेक मार्गों पर पानी भर गया है। बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है।

हमारे बिलासपुर संवाददाता ने बताया कि जिले के सीपत थाना क्षेत्र के झलमला के तुंगन नाला में बीती रात एक कार बह गई। इस कार में पांच बच्चों सहित नौ लोग सवार थे।

वहीं, कोरबा जिले से हमारी संवाददाता ने बताया कि भारी बारिश से कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है।

इधर, सक्ती जिले में लगातार बारिश के कारण नदी–नाले उफान पर है। मालखरौदा क्षेत्र के भेड़ीकोना पुल के बोराई नदी से चार फीट ऊपर पानी बह रहा है। इससे आवागमन बंद हो गया है। वहीं, छपोरा से हसौद जाने वाला मुख्य मार्ग भी बंद है। पुल के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लगी हुई है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से बेरिकेड्स लगाया है।

वहीं, धमतरी जिले में चार दिनों में हुई बारिश से गंगरेल बांध का जलस्तर तीन प्रतिशत तक बढ़ गया है। डेम का चौबीस जुलाई को जलस्तर बढ़कर छप्पन प्रतिशत दर्ज किया गया है। इसके अलावा जिले के अन्य बांधों का भी जलस्तर बढ़ने लगा है।

इस बीच, मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग के जिले और दुर्ग तथा रायपुर संभाग के जिले संभावित है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

<u>ड्रोन–खेती</u>

छत्तीसगढ़ के लोक पर्व हरेली के अवसर पर कल किसानों ने जहां अपने पारंपरिक कृषि यंत्रों जैसे – हल, नांगर, कुदाली और फावड़े की पूजा की। वहीं, बालोद जिले की तीन ड्रोन दीदियों ने आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन की पूजा कर हरेली तिहार मनाया। ड्रोन दीदी योजना के तहत तकनीकी रूप से प्रशिक्षित चित्ररेखा साहू, भावना साहू और रूचि साहू का मानना हैं कि ड्रोन के माध्यम से फसलों में नैनो उर्वरक छिड़काव का कार्य मिनटों में पूरा हो जाता है। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से खेती में समय और मेहनत की बचत हो रही है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉक्टर पेम्मासानी चन्द्रशेखर आज एकदिवसीय प्रवास पर नारायणपुर पहुंचे। वे नारायणपुर जिले में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं।

– हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए फार्मासिस्ट की भर्ती में बी–फार्मा और उच्च डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को भी मौका देने के लिए कहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि इस भर्ती में सिर्फ डिप्लोमाधारी को ही पात्र बताना गलत है। न्यायालय ने व्यापमं को नया पोर्टल खोलकर योग्य अभ्यर्थियों से फिर से आवेदन लेने के निर्देश दिए हैं।

– कल कारगिल विजय दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कारगिल युद्ध में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

– राज्य सरकार ने बिपिन मांझी को राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है।

– छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण–रेरा ने बिलासपुर स्थित लोविना कोर्ट्स परियोजना में भूखंडों और मकानों की खरीदी–बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का अंतरिम आदेश जारी किया है।

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत मुंगेली जिले के चौंसठ तीर्थयात्रियों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए आज रवाना किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>